रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी हां। इसके धनबाद में पहुंचने और प्रस्थान करने का समय क्रमशः 04.00 बजे सुबह और 10.10 बजे रात्रि है।

(ख) फिलहाल परिचालनिक दृष्टि से प्रस्ताव व्यावहार्य नहीं है।

बोकारो होते हुए गोमोह और गया के बीच गोमोह यात्री गाड़ी का चलाना

2044. **श्री कृष्ण प्रताप सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बोकारो होते हुए गोमोह और गया के बीच गोमोह यात्री गाड़ी चलाने के प्रस्ताव पर विचार करेगी; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी नहीं।

(ख) गोमोह-बोकारो खंड पर अपर्याप्त लाइन क्षमता और बोकारो पर अपर्याप्त टर्मिनल सुविधाओं के कारण।

बोकारो शहर के रेलवे स्टेशन का विकास

2045. **श्री कृष्ण प्रताप सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बोकारो नगर के रेलवे स्टेशन को अभी तक और विकसित नहीं किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक कर लिया जायेगा और पर्याप्त व्यवस्था कर ली जायेगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) यात्री सुविधाओं की दृष्टि से विभिन्न स्टेशनों का विकास, धन की उपलब्धता और विभिन्न स्टेशनों की तुलनात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, एक कार्यक्रम के आधार पर किया जाता है और यह एक सतत प्रक्रिया है। बोकारो स्टील सिटी पर निम्नलिखित विकास कार्य चल रहे हैं :—

(I)	विश्राम कक्ष	4
(II)	पुरुषों के लिए पहले दर्जे का प्रतीक्षा कक्ष	1
(III)	महिलाओं के लिए पहले दर्जे का प्रतीक्षा कक्ष	1
(IV)	पैन्ट्री रसोई घर सहित सामिष रेस्टोरेंट	1

उपर्युक्त के अतिरिक्त प्लेटफार्म सं० 1, 2 और 3 पर कंक्रीट के फर्श और प्लेटफार्म लाइन सं० 1 और 2 पर धुलाई योग्य एपरन् की व्यवस्था से सम्बन्धित निर्माण-कार्य लगभग समाप्त होने वाला है।

Facility of Emergency Electricity at Residence of Gazetted Staff at Adra in South Eastern Railway

2046. SHRI BASUDEB ACHARIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that at Adra in South Eastern Railway arrangement has been made to provide emergency electricity for all purposes durina load shedding period at the residences of the gazetted staff only by consuming heavy